मुख्यमंत्री संदर्भ/तत्काल

संख्या-111/सू0अ0-04/84-डे0ई0-13-नि0-41/09

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 27 दिसम्बर,2013

विषय:- श्री छत्रपति सिंह नेगी, से0नि0 विक्रेता, राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के अवशेष देयों का भुगतान कराये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-208/84-डे0ई0-13-नि0-41/09, दिनांक 07-3-13 व पत्र संख्या-सी0एम0-07/84-डे0ई0-13-नि0-41/09, दिनांक 19-3-13 तथा अनुवर्ती अनुस्मारक पत्र दिनांक 26-4-13, 20-05-13 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 07-03-13 में आपसे यह अपेक्षा की गयी थी कि प्रश्नगत प्रकरण मा0 मुख्यमंत्री जी का लम्बित संदर्भ होने के कारण सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री नेगी के अवशेष देयों का भुगतान अभी तक क्यों नहीं किया गया है । अत: श्री नेगी के अवशेष देयों के भुगतान में हुए विलम्ब के लिए दायित्व निर्धारित करते हुए कृत कार्यवाही से शासन को अवगत करायें, ताकि प्रश्नगत संदर्भ को कम्प्यूटर सूची से विलोपित कराया जा सके परन्तु प्रकरण में की गयी कार्यवाही से अभी तक अवगत नहीं कराया गया है। अत: अनुरोध है कि कृपया प्रकरण में की गयी कार्यवाही की अद्यतन स्थिति से शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/